

भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन



टी.एस. सिंहदेव
मंत्री
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण)
छत्तीसगढ़ शासन

## 23 नवम्बर, 2022 : मितानिन सम्मान दिवस

# अपील

प्रिय सरपंच/पंच

अत्यंत हर्ष का विषय है कि 23 नवम्बर 2022 को हमारा मितानिन कार्यक्रम 21 साल पूरे कर रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी 72000 मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की है, वह मितानिनों के प्रयास के बिना संभव नहीं होती।

21 साल पहले मितानिन बहनों द्वारा मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य और पोषण के विषयों सेअपना कार्य शुरू किया गया था। फिर उन्होंने मलेरिया, दस्त, टी.बी. और कुष्ठ जैसे रोगों से लड़ने में बड़ी भूमिका निभानी शुरू की और आज वे मानसिक स्वास्थ्य, बी.पी., शुगर आदि के लिए भी समुदाय को सेवाओं से जोड़ रही हैं। वे स्वास्थ्य समस्याओं पर समुदाय की जागरूकता बढ़ाने, उचित सलाह देने और सामान्य बीमारियों के लिए प्राथमिक इलाज देने का काम कर रही हैं। स्वास्थ्य के अधिकार के साथ–साथमितानिन बहनें महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी बेहतर कार्य कर रही हैं। वे शासन की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के अधिकार से समुदाय को जोड़ रही हैं।

छत्तीसगढ़ के मितानिन कार्यक्रम से सीख लेकर देश भर में आशा कार्यक्रम बना जिसमें आज 10 लाख महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं। यह कहना उचित होगा कि मितानिन छत्तीसगढ़ का गौरव हैं। इस साल विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक स्तर पर भी उनके योगदान को सराहा गया है।

प्रदेश में हर साल 23 नवम्बर का दिन मितानिन सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। मितानिन समुदाय के लिए काम कर रही हैं और समुदाय की नेतृत्वकर्ता पंचायती राज संस्थाएं हैं। इसलिए मैं राज्य के समस्त सरपंचों एवं पंचों से अपील करता हूं कि आप अपनी ग्राम पंचायत में 23 नवम्बर 2022 को मितानिन दिवस के रूप में धूम–धाम से आयोजित कर मितानिन बहनों को सम्मानित करें।

(टी.एस. सिंहदेव)